Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up two Kendriya Vidyalaya in Ahemdabad East.

डॉ.(प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): स्पीकर महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र का महत्वपूर्ण विषय उठाने की अनुमति दी है । मैं अहमदाबाद से आता हूँ । केन्द्रीय विद्यालय के बारे में देखा जाए तो बहुत हाई क्वालिटी एजुकेशन इन विद्यालयों के बारे में देखने को मिलती है । अहमदाबाद शहर रेलवे लाइन की वजह से दो भाग में बंटता है, एक पूर्वी भाग है और एक पश्चिमी भाग है । सभी केन्द्रीय विद्यालय पश्चिमी भाग में हैं । पूर्वी भाग में एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है । राइट टू एजुकेशन में ऐसा प्रावधान है कि 6 किलोमीटर के दायरे में ही एजुकेशन मिलती है, किन्तु फिर भी इनको वहां एडमिशन नहीं मिलता है । मेरी आपके माध्यम से सरकार और मंत्री जी से प्रार्थना है कि मेरे मतक्षेत्र गोमतीपुर, लाबा, निकोल, इन्द्रपुरी, अमराईवाडी में कम से कम 2 केन्द्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति मिले । मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि हमारे ऊपर बहुत केन्द्रीय विद्यालय के लिए का दबाव आता है । आजकल सभी सांसदों पर केन्द्रीय विद्यालय के लिए दबाव आता है । केन्द्रीय विद्यालय की जो 10 सीटें हमें देने का अधिकार है, उसे 50 तक बढ़ाया जाए । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।